पंजाब केसरी 16/02/2023

# जी.एम.एन. कालेज के 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का समापन

अम्बाला छावनी, 15 फरवरी (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा चलाए जा रहे 7 दिवसीय शिविर का समापन सत्र बुधवार को कालेज परिसर में हुआ। बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डा. आनंद कुमार, समन्वय एन.एन.एस. प्रकोष्ठ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के लक्ष्य के बारे में बताया।



*कालेज में शिविर समापन के दौरान मौजूद एन.एस.एस. टीम के सदस्य व अन्य।* (वदनोहन)

उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. हम की भावना को विकसित कर राष्ट्रीय कल्याण के लिए कार्य करती है। कोरोना काल में भी स्वयंसेवकों ने अनुपम भूमिका निभाई। विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयंसेवक निर्भय होकर अगली पंक्ति में खड़े रहे।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया समाज सेवा ही राष्ट सेवा है. हमारे स्वयंसेवकों में नवाचार के उदाहरणों को प्रस्तुत किया।

डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि सातों दिन स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा। सभी स्वयंसेवकों की ऊर्जा एवं उत्साह शीत लहरों में भी कम न हुई। डा. अनीश ने बताया हमारे स्वयंसेवकों को आज विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए पुरस्कृत किया गया। डा. सरोज ने बताया हमारे स्वयंसेवक राष्ट्र एवं देश की सेवा के लिए तैयार हैं।